www.prepp.in



Prepp
Your Personal Exams Guide

# 2006

# विधि

## प्रश्नपत्र-I

# LAW

## Paper-I

*निर्धारित समय : तीन घण्टे] [ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200*

**निर्देश :** *(i) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न संख्या 1 तथा 5 अनिवार्य हैं । इनके अतिरिक्त **तीन** अन्य प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जिनमें प्रत्येक खण्ड से कम से कम **एक** प्रश्न अवश्य हो ।*

*(ii) **सभी** प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित है ।*

**Note :** *(i) Answer **five** questions in all. Question Nos. 1 and 5 are compulsory. Attempt **three** more questions of which at least **one** should be from each Section.*

*(ii) The marks of **all** questions are indicated against them.*

### खण्ड - अ
### (सांविधानिक विधि)

### SECTION – A
### (Constitutional Law)

1. (अ) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि भारत के संविधान की प्रकृति संघात्मक की तुलना में एकात्मक अधिक है ? तर्क दीजिए । **10**

(ब) "भारतीय संविधान कठोर होते हुए लचीला है" कथन की विवेचना कीजिए । **10**

(स) संविधान के अन्तर्गत 'धर्म की स्वतन्त्रता' के अधिकार का स्वरूप तथा सीमा भारत में क्या है ? **10**

(द) राष्ट्रपति कब अध्यादेश जारी कर सकता है ? अध्यादेश जारी करने की शर्तों का वर्णन कीजिए । **10**

(a) Do you agree with the view that the Constitution of India is more unitary than federal in character ? Discuss.

(b) "Indian Constitution being rigid is flexible." Discuss.

(c) What is the nature and extent of 'freedom of religion' under the Constitution of India ?

(d) When the President can issue Ordinance ? State the conditions under which the Ordinance can be issued.

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

2. (अ) क्या मूल अधिकारों में संशोधन किया जा सकता है ? अपने उत्तर के समर्थन में निर्णीत वादों का हवाला दीजिए । 20

(ब) राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों तथा मूल अधिकारों के साथ सम्बन्ध के विषय में न्यायालयों के दृष्टिकोण को समझाइए । 20

(a) Can the Fundamental Rights be amended ? Refer to decided cases in support of your answer.

(b) Explain the judicial attitude on the relationship between the Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy.

3. (अ) भारत के राष्ट्रपति और मंत्रिपरिषद् के संवैधानिक सम्बन्ध को समझाइए । क्या प्रत्येक मामले में राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद् द्वारा दी गई मंत्रणा से बाध्य होते हैं ? 20

(ब) वे कौन सी परिस्थितियाँ हैं जब राष्ट्रपति अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत आपात् की उद्घोषणा कर सकता है ? उक्त आपात काल के प्रभाव को समझाइए । 20

(a) Explain the constitutional relationship between the President of India and the Council of Ministers. Is the President bound by the advice of the Council of Ministers on all matters ?

(b) What are the circumstances under which an emergency may be declared by the President under Article 352 ? Narrate the effects of such emergency.

4. (अ) संसद के विशेषाधिकार से आपका क्या तात्पर्य है ? भारतीय संसद तथा राज्य विधानमण्डलों द्वारा जो विशेषाधिकार उपयोग में हैं, उनका उल्लेख कीजिए । क्या इन विशेषाधिकारों के ऊपर न्यायालय अपनी अधिकारिता का प्रयोग करते हैं ? 20

(ब) एक स्वतंत्र न्यायपालिका का क्या महत्त्व है ? क्या भारतीय संविधान एक स्वतंत्र न्यायपालिका का उपबन्ध करता है ? इस सम्बन्ध में भारतीय संविधान के उन उपबन्धों का हवाला दीजिए जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं । 20

(a) What do you understand by the privileges of the Parliament ? State the privileges enjoyed by the Indian Parliament and the State Legislature. Do the Courts in India exercise any jurisdiction over such privileges ?

(b) What is importance of an independent judiciary ? Does the Indian Constitution provide for an independent judiciary ? Refer to the relevant provision of the Indian Constitution which ensure the independence of judiciary.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

खण्ड - ब
(अन्तर्राष्ट्रीय विधि)

## SECTION – B
## (International Law)

5. (अ) अन्तर्राष्ट्रीय विधि की परिभाषा और आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए । 10

(ब) संयुक्त राष्ट्र संघ के कौन-कौन से मुख्य अंग हैं ? प्रत्येक अंग की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । 10

(स) अन्तर्राष्ट्रीय विधि और राष्ट्रीय विधि के सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए । 10

(द) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के दृष्टिकोण से राज्यों को वर्गीकृत कीजिए । 10

(a) Discuss the definition and essential elements of International Law.

(b) What are the principal organs of the United Nations Organization ? Discuss briefly every organ.

(c) Explain the relations between International Law and Municipal Law.

(d) Classify the States for the purpose of International Law.

6. (अ) "अन्तर्राष्ट्रीय कर्त्तव्य के प्रति राष्ट्रीय दायित्व एक वैध दायित्व है ।" ओपेनहाइम के इस कथन की व्याख्या कीजिए । 20

(ब) हस्तक्षेप से आप क्या समझते हैं ? किन परिस्थितियों में एक राज्य द्वारा दूसरे राज्य में हस्तक्षेप करना औचित्यपूर्ण होता है ? 20

(a) "State Responsibility concerning international duties is, therefore, a legal responsibility." Explain the above statement of Oppenheim.

(b) What do you understand by Intervention ? Under what circumstances the Intervention by one State in another is justified ?

7. (अ) प्रत्यर्पण से आप क्या समझते हैं ? प्रत्यर्पण के लिये आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए । 20

(ब) अंतर्राष्ट्रीय विधि में सन्धियों के निर्माण सम्बन्धी आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए । 20

(a) What do you understand by 'Extradition' ? Discuss the necessary conditions for Extradition.

(b) Discuss the essential elements relating to the formation of treaties under International Law.

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

8. (अ) खुले समुद्र की स्वतन्त्रता से आप क्या समझते हैं ? उससे सम्बन्धित सिद्धांत की विवेचना कीजिए। 20

(ब) अन्तर्राष्ट्रीय विधि में किसी राज्य द्वारा नये प्रदेश पर अधिपत्य स्थापित करने के क्या तरीके हैं ? 20

(a) What do you understand by the freedom of Open Sea ? Discuss the theory related to it.

(b) What are the modes of acquiring possession on a new territory by any State in the International Law ?

---

Prepp
Your Personal Exam Guide